सोना खरीदने में न करें जल्दबाजी पेज13 | गेंदबाजों ने कंगारुओं पर लगाया अंकुश

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 27 दिसम्बर, 2014, भागलपुर, पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम सम्वत, 2071

www.livehindustan.com

मुंगेर गंगा रेल पुल पर चार महीने में दौड़ेगी ट्रेन

मुंगेर में गंगा पुल पर शुक्रवार को ट्रैक का निरीक्षण करते पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक मधुरेश कुमार व अन्य। ● फोटो : हिन्दुस्तान

मुंगेर | निज संवाददाता

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक मधुरेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि गंगा नदी पर बने रेल सह सड़क पुल पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। अधिगृहित जमीन पर बन रहे अप्रोच पथ पर ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुल के दोनों तरफ मुंगेर और साहेबपुरकमाल में जमीन अधिग्रहण का काम पूरा होने के बाद चार महीने के अंदर ट्रैक निर्माण का काम पूरा हो जाएगा और ट्रेन परिचालन शुरू हो जाएगा। मधुरेश कुमार मुंगेर रेल सह सड़क पुल का निरीक्षण करने आए थे।

उन्होंने कहा कि पुल का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। पुल के ऊपर 3.7 किलोमीटर तक रेल ट्रैक बिछा दिया गया है। यह पुल निर्माण का एक अहम और कठिन हिस्सा था। रेल पुल पर ट्रैक बिछाने के पहले चरण के काम को पूरा कर लिया गया है।

पहले चरण के कार्य का समापन होने के मौके पर उन्होंने नारियल फोड़ा व कार्य संपन्न होने के संकेत दिए।। इससे पूर्व उन्होंने पुल पर बिछाए गए रेल ट्रैक पर बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल छोर से ट्रॉली पर सवार होकर 3.7 किलोमीटर की दूरी तय कर पुल का जायजा लिया।

उद्घाटन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि उनका काम उद्घाटन करना नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करना है। निरीक्षण के बाद पुल निर्माण से जुड़ी कंपनी के प्रतिनिधियों व रेलवे के अधिकारियों ने जीएम को अंग वस्त्रम व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीएओ एलएम झा, मुख्य अभियंता एमके बहेरा, डिप्टीसी एके मिश्रा, सीनियर एक्ससीएन पीके आलोक, एक्सियन आरके कुमार, बीबीजे लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बीडी पाण्डेय आदि मौजूद थे। निरीक्षण के बाद जीएम जमालपुर के लिए रवाना हो गए। वहां उन्होंने गोल्फ मैदान में जिम प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया। मुंगेर गंगा नदी पर 2002 में रेल सह सड़क पुल का शिलान्यास हुआ था।

● शेष पेज-12 पर /देखें पेज-03 भी

जीएम ने किया निरीक्षण

- 2002 में हुआ था रेल सह सड़क पुल का शिलान्यास
- 2009 में ही निर्माण पूरा होने का लक्ष्य रखा गया था
- पुल के ऊपर 3.7 किमी तक रेल ट्रैक बिछा दिया गया

मुंगेर गंगा रेल...

उस समय 2009 में ही निर्माण पूरा होने का लक्ष्य रखा गया था। काम पूरा नहीं होने पर समय-सीमा बढ़ाकर 2011 कर दी गई थीा और अब 2015 हो गई है। इस पुल की शुरुआती लागत 921 करोड़ रुपये थी। समय पर काम पूरा नहीं होने से लागत बढ़कर 2400 करोड़ हो गई है।

घने कुहासे के बीच जीएम ने किया रेल पुल का निरीक्षण

मुंगेर | एक संवाददाता

मुंगेर में बन रहे रेल सह सड़क पुल के पहले चरण के हुए काम का निरीक्षण शुक्रवार को पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक मधुरेश कुमार ने किया।

महाप्रबंधक श्री कुमार सुबह बेगूसराय के साहेबपुर कमाल से पुल पर बिछाये गये रेल ट्रैक पर ट्रॉली से मुंगेर आये। 3.7 किलोमीटर लंबे पुल के गुणवत्ता का उन्होंने जायजा लिया। मुंगेर पहुंचने पर उन्होंने कहा कि पुल के इंच-इंच का उन्होंने जायजा लिया।

पुल की गुणवत्ता पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। महाप्रबंधक के निरीक्षण की खबर पर घने कोहरे में सुबह से ही पुल के इस छोड़ पर रेल अधिकारियों का जमावड़ा लगा रहा।

फुल मालाओं से इस छोड़ के गार्टर को सजाया गया था। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली पुलिस निरीक्ष स्थल पर पूर्व से तैनात दिखे।

निरीक्षण के उपरांत महाप्रबंध ने रेल अधिकारियों के साथ ए बैठक की। बैठक के बाद जमालपुर के लिए रवाना हुए।

जहां से पुनः वे मुंगेर के बबु घाट से स्टीमर पर सवार होक वापस साहबपुर कमाल के लि रवाना हुए।

रेल पुल के शिलापट्ट का अनावरण करते जीएम व अन्य। ● फोटो : हिन्दुस्तान